# छेड़छाड़ से परेशान होकर छात्रा ने की खुदकुशी

**सुबह युवक ने डाला था पेट्रोल, करता था परेशान**




**शहडोल ।** जिले के गोहपारू थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने छेड़छाड़ से तंग आकर खुदकुशी कर ली है। 18 वर्षीय युवती जयसिंहनगर कॉलेज में प्रथम वर्ष में पढ़ती थी। प्रतिदिन की तरह वह सोमवार को कॉलेज गई थी, उसके साथ उसकी सहेली भी थी। मृतका की सहेली ने अपने बयान में बताया है कि जब वे दोनों कॉलेज जा रही थीं, तभी कॉलेज के पास एक युवक द्वारा उसके (मृतका) साथ छेड़खानी करते हुए बदतमीजी की गई। इस घटना का किसी ने वीडियो बना लिया। इसके बाद युवती अपने घर वापस लौटी और कपड़े बदलकर लापता हो गई। परिजनों ने उसकी तलाश की। जब युवती नहीं मिली तो परिजन सोमवार की रात गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने गोहपारू थाना पहुंचे। मंगलवार को युवती का शव घर के ही आंगन में स्थित कुएं में पड़ा मिला। शव देखकर परिजनों ने घटना की सूचना गोहपारू पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है। घटना के बाद जयसिंहनगर कॉलेज के बाहर का एक वीडियो सामने आया है जिसमें कॉलेज के लड़कों ने संदेही युवक और युवती को पकड़ लिया था। वीडियो में सुनाई दे रहा है कि लड़के ने लड़की के ऊपर पेट्रोल डाला है, जिस कारण से वह अपना चेहरा बांधकर रखी है। वहीं, संदेही युवक से लड़के यह भी पूछ रहे हैं कि तुमने उसके ऊपर पेट्रोल क्यों डाला, लेकिन युवक इसका कोई जवाब नहीं देता है। कॉलेज के लड़के यह भी कह रहे हैं कि दोनों को थाने में छोड़ आओ। उक्त वीडियो में संदेही युवक कहता हुआ सुनाई दे रहा है कि लड़की से मेरी शादी लगी हुई है। इस पर कॉलेज के लड़के बार-बार कह रहे हैं कि जब तुम्हारी शादी लगी है तो तुम उसके ऊपर पेट्रोल क्यों डाल रहे हो। संदेही लड़का इस बात का भी जवाब नहीं दे पाता है और वहां से भाग जाता है। वीडियो की पुष्टि हमारे द्वारा नहीं की जा रही है।

**शाम को अचानक हुई लापता सुबह मिली लाश:**-युवती के पिता ने बताया कि शाम को वह मेरे साथ मवेशियों को बांध रही थी। इसके बाद अचानक कहीं चली गई। हमने सोचा कि वह आसपास मोहल्ले में होगी और कुछ देर में वापस घर लौट आएगी। लेकिन, काफी देर बाद भी घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कहीं पता नहीं चला तो हम लोगों ने थाना जाकर इसकी सूचना दी। गोहपारू थाना प्रभारी ने बताया कि छेड़छाड़ से परेशान होकर कॉलेज की छात्रा ने खुदकुशी की है, ऐसा उसकी सहेली ने बयान में बताया है। मामले पर मर्ग कायम कर संदेही युवक की तलाश के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। जब संदेही पकड़ा जाएगा, तो मामला पूरा खुलकर सामने आएगा।

**युवती का रिश्तेदार है आरोपी:**-गोहपारू पुलिस ने बताया कि संदेही युवक के गांव गांधिया में मृतका की बड़ी बहन ब्याही है। युवक और युवती आपस में रिश्तेदार भी हैं। युवक लगातार युवती पर शादी का दबाव बना रहा था लेकिन, युवती इसका विरोध कर रही थी। मृतका गोहपारू थाना के नवागांव की रहने वाली थी और संदेही युवक जयसिंहनगर थाना के गांधिया का रहने वाला है। पेट्रोल डालने की घटना भी जयसिंहनगर थाना क्षेत्र की है। युवती के शव को मिले 24 घंटे से ज्यादा का समय बीत गया है। इसके बाद भी पुलिस अब तक संदेही युवक को हिरासत में नहीं ले सकी है।






# विद्यालय में घुसकर अभिभावक ने शिक्षक से गाली-गलौज कर की मारपीट

**शहडोल ।** मुख्यालय स्थित टाइम पब्लिक स्कूल में अध्यनरत छात्रों के आपसी विवाद को लेकर अभिभावक ने विद्यालय के शिक्षक से मारपीट की और गाली गलौज कर दी,आज बुधवार को शिक्षक और विद्यालय के अन्य शिक्षक कोतवाली शहडोल पहुंचे और इस मामले की लिखित शिकायत देते हुए आरोपी अजमल खान के खिलाफ कार्यवाही की मांग की, कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी अजमल खान के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम करते हुए मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित राकेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि वार्ड नंबर 17 बाणगंगा मेला मैदान का निवासी है और टाइम पब्लिक स्कूल में पिछले 10 वर्षों से कार्यरत है, पीड़ित ने बताया कि बीते दिवस विद्यालय में अध्यनरत अयान खान और आदित्य तिवारी नाम के छात्र आपस में लड़ रहे थे, दोनों बच्चों को अलग करने के बाद राकेश द्विवेदी नामक शिक्षक ने विद्यालय के प्रिंसिपल को इसकी जानकारी दी और मामला डांट-डपट के बाद वही खत्म हो गया, आज सुबह करीब 8:00 बजे के आसपास अयान के पिता अजमल खान विद्यालय पहुंचे और उन्होंने गेट के पास खड़े राकेश द्विवेदी नामक शिक्षक को बुलाया और यह पुष्टि करने के बाद की वही राकेश है उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट की घटना को अंजाम दिया।राकेश द्विवेदी ने पुलिस को इस संदर्भ में बताया कि घटना के बाद प्रकाश विश्वकर्मा, ललित मिश्रा, दीपक गुप्ता, उपप्राचार्य विजय राजपाल आदि ने अजमल खान से पीड़ित को छुड़ाया और सभी कोतवाली पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज करवाई। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में आरोपी अजमल खान के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2) तथा 351 (2)के तहत अपराध कायम कर जांच शुरू कर दी है।



# खेत से घर लौट रहे किसान पर तेंदुए का हमला, मवेशियों का भी किया शिकार

**तिखवा के जंगल में तेंदुए का मूवमेंट**

**शहडोल ।** जिले के ब्यौहारी पश्चिम वन परिक्षेत्र अंतर्गत तिखवा जंगल में तेंदुआ ने एक किसान पर हमला किया है। इसके अलावा तेंदुआ ने तीन मवेशियों का भी शिकार किया है। बुधवार को घटना के बाद वन विभाग ने प्रभावित क्षेत्र में अलर्ट जारी किया है। तिखवा निवासी लाला यादव खेत से काम करके घर लौट रहा था तभी उस पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में वो बुरी तरह से घायल हो गया है और उसे उपचार के लिए ब्यौहारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। किसान की हालत स्थिर है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि तिखवा के जंगल में पिछले तीन दिनों से कई तेंदुए घूम रहे हैं। इसकी जानकारी वन विभाग को दी गई है। वन विभाग के अधिकारी लगातार क्षेत्र में गश्त कर रहे हैं। गांव के आसपास तेंदुए के घूमने से ग्रामीणों में दशहत का माहौल है। इसी क्षेत्र से जुड़े हुए गांव में जंगली हाथियों के झुंड से लोग परेशान थे अब तेंदुए का आतंक बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जंगली हाथियों का मुमेट पिछले 15 दिनों से आसपास के गांव में है, और कई बोरियां धान भी जंगली हाथियों ने खा ली है, लेकिन वन विभाग कोई विशेष ध्यान नहीं दे रहा है जिससे लोगों में काफी गुस्सा है। ब्यौहारी क्षेत्र अंतर्गत अधिकांश जवाबदार अधिकारी ट्रेनिंग के लिए जिले से बाहर हैं। इस कारण मैदानी स्तर पर कर्मचारियों द्वारा लापरवाही की भी बात सामने आ रही है। एसडीओ, रेंजर समेत अन्य अधिकारी इन दिनों ट्रेनिंग में बैंगलोर गए हुए हैं। एसडीओ रेशम सिंह ने बताया कि बफर जोन से निकलकर तेंदुए इधर आ रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को जंगलों की ओर जाने से रोका जा रहा है। घायल किसान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत स्थिर है।

**धान गहाई के दौरान ट्रैक्टर के इंजन से उठी चिंगारी**

# खलिहान में रखी धान सहित थ्रेसर को जलाकर किया राख

**शहडोल ।** धान गहाई के दौरान ट्रैक्टर के इंजन से उठी चिंगारी ने खलिहान में रखी 250 बोरी से अधिक धान सहित ट्रैक्टर एवं थ्रेसर को जला र राख कर दिया है। घटना जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र में घटी है। चंद मिनट में ही आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही आग ने अपने आगोश में ट्रैक्टर धान एवं थ्रेसर को ले लिया और सब कुछ जलकर राख हो गया, जिससे किसान का लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है। जिसमें यह साफ दिख रहा है कि आग कितने विकराल रूप में थी। बताया गया कि जयसिंहनगर थाना



क्षेत्र के मलौटी गांव में धान की गहाई के लिए किसान रामचंद्र सिंह कवर ने गांव के एक ट्रैक्टर को किराए पर बुलवाया था, जिसमें थ्रेसर लगा हुआ था, जो धान की गहाई कर रहा था। अचानक इंजन गर्म हुआ और इंजन से उठी चिंगारी से आग लग गई। किसान ने बताया की खलिहान में 250 बोरी से अधिक धान रखी हुई थी, आग लगने से पहले तो धान जली और ट्रैक्टर में लगी आग से थ्रेसर और इंजन जलकर राख हो गया, जिससे किसान का काफी नुकसान हुआ है।घटना के दौरान वहां पर काफी लोग मौजूद थे, लेकिन आग ने इतनी जल्दी अपने आगोश में सब कुछ ले लिया कि लोग कुछ समझ पाते उससे पहले ही सब कुछ जलकर राख हो गया। किसान रामचंद्र सिंह ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। मामले पर पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आग लगने की वजह से ट्रैक्टर इंजन थ्रेसर एवं धान जलकर नष्ट हो गई है। लोगों ने दमकल कर्मियों को मामले की जानकारी दी थी, जब तक दमकल वाहन मौके पर पहुंचा जब तक आग ने सब कुछ जलाकर राख कर दिया था।

# लाड़ली बहना योजना की केवाईसी के नाम पर हुई ठगी

**शहडोल ।** एमपी के शहडोल जिले से 'लाड़ली बहना योजना' का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है. जहां ठगों ने खुद को बैगा विकास विभाग का अधिकारी बताया और सास-बहू को केवाईसी कराने दस्तावेज मांगे. जिसके बाद उन्होंने खाते से हजारों रुपये पार कर दिए और फरार हो गए. पीड़ित सास-बहू की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।मामला सिंहपुर थाना क्षेत्र का है. बताया जा रहा है कि 26 वर्षीय मीनू बैगा घर के बाहर पीएम आवास का मकान कंप्लीट होने पर उसका नाम लिखा था. जिससे ठगी के उद्देश्य से आए दो लोग पहले महिला का नाम पुकार के उसे बाहर बुलाया. फिर खुद को बैगा विकास विभाग का अधिकारी बताते हुए लाड़ली बहना योजना का लाभ दिलाने के नाम पर सास-बहू से उनके आधार कार्ड और राशन कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज मांगे।फिर केवाईसी कराने के नाम पर अंगूठा लगवा लिया और खाते से 10 हजार 500 रुपये पार कर दिए. इस दौरान उनके मोबाइल पर पैसा ट्रांजेक्शन का मैसेज आया. जिसे ठगों ने फर्जी मैसेज बताकर तुरंत डिलीट करवा दिया और फरार हो गए. जब सास- बहू को शक हुआ तो वो बैंक में जाकर स्टेटमेंट निकलवाया. तब उन्हें ठगी का पता चला।इसके बाद दोनों थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है. इस मामले में एडिशनल एसपी का कहना है कि सास-बहू के साथ अज्ञात ठगों ने किसी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी कर फरार हो गए. थ्स् दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# राम कथा में पुलिस ने किया अंतर्राज्यीय गैंग का पर्दाफाश, 13 महिलाओं से लाखों का माल बरामद

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के शहडोल में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय महिला चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने राम कथा में भक्तों की सोने की चेन चोरी करने वाली महिला चोर गिरोह के 13 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लगभग 10 तोले के आसपास की चोरी की गई चैन मिली है। इसकी कीमत 8 लाख बताई जा रही है।दरअसल, शहडोल जिले के पॉलिटेक्निक ग्राउंड में 10 नवंबर से लेकर 18 नवंबर तक राजन जी महराज की राम कथा चल रही थी। जिसमें आसपास के जिले से भारी संख्या में भक्त कथा सुनने के लिए आते थे। इसी दौरान यूपी, बिहार, गाजीपुर, बनारस की रहने वाली अंतरराज्यीय महिला चेन गिरोह की 13 से अधिक महिलाएं भक्त बनकर कथा में शामिल हुईं। इसके बाद कथा सुनने आई महिला भक्तों



को टारगेट कर चोरी की वारदात को अंदाम दिया। ऐसे में कोतवाली में लगातार राम कथा से सोने की चेन चोरी होने की शिकायतें पहुंचने लगी। शिकायतों के आधार पर पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी। इसके बाद चेन चोरी करने वाली अंतरराज्यीय महिला चेन गिरोह की 13 सदस्य काजल कुमारी, गौरी कुमारी, करिश्मा, पिंकी देवी, अंजली कुमारी, मंजू कुमारी, पूजा कुमारी, रूनू कुमारी, राधा देवी, मुगुनी देवी, प्रीति, बेबी कुमारी, रिंकू देवी को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला चोरों के पास से पुलिस ने लगभग 10 तोले की 8 लाख से अधिक कीमती चोरी की चैन बरामद की है।इस पूरे मामले में एडिशनल एसपी का कहना है कि शहडोल में आयोजित राम कथा में लोगों की चेन चोरी करने वाले अंतरराज्यीय महिला चेन गिरोह की 13 सदस्यों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ चल रही है, पकड़ी गई महिला चोर रामकथा में आए लोगों की चेन पार कर देती थी। महिलाओं से चोरी की लगभग 10 तोला जिसकी चेन बरामद की गई है।

# आयुष्मान कार्ड बनाने जा रहे लोगों से भरा पिकअप वाहन पलटा, एक की मौत

**परसवाड़ा(स्वतंत्र मत)।** पुलिस थाना बैहर के अंतर्गत कुमादेही और सरेखा के बीच में एक पीकप वाहन पलटने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई, वहीं इस हादसे में दर्जन भर से अधिक घायल हो गये। यह सभी बुजुर्ग लोग पिकअप वाहन में सवार होकर जनपद पंचायत परसवाड़ा अपना आयुष्मान कार्ड बनवान के लिए आ रहें थें तभी यह हादसा हो गया। जानकारी अनुसार, 20 नवम्बर की दोपहर लगभग 11



बजे ग्राम पंचायत कुमादेही से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 70 वर्ष से अधिक की आयु वाले वृद्ध लोगों को पीकप वाहन से जनपद पंचायत परसवाड़ा ले जाया जा रहा था इसी दौरान कुमादेही और सरेखा के बीच में पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे चिकपुकार सी मच गई, जहां आनन-फानन में घायल वृद्धों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैहर लाकर भर्ती कराया गया हैं जहां उनका उपचार जारी हैं। वहीं एक वृद्ध महिला की गंभीर हालात देख कर उसे जिला अस्पताल रेफर करवाया गया था लेकिन वृद्ध महिला की रास्ते में मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही जनपद अध्यक्ष समल सिंह धुर्वे और मुख्य कार्यपालन अधिकारी रितेश चौहान स्वास्थ्य केंद्र बैहर पहुंचे जहां उन्होंने घायलों से मुलाकात कर डॉक्टर से अच्छी इलाज करने की बात कहीं हैं।



# नक्सली मुठभेड़ में घायल जवान को पीएमश्री योजना में किया एयर लिफ्ट

**दिल्ली के मेदांता हॉस्पिटल में सीएम डॉ. यादव के निर्देशानुसार होगा उपचार**

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार हॉक फोर्स के जवान श्री शिवकुमार शर्मा का अब दिल्ली में होगा उपचार। बुधवार दोपहर में जवान श्री शर्मा को पीएमश्री उपचार योजना के तहत गोंदिया से एयर लिफ्ट किया गया। सीएमएचओ डॉ. मनोज पाण्डे ने बताया कि आरक्षक श्री शर्मा के स्वास्थ्य में सुधार है। लेकिन परिजनों की इच्छा है कि अब आगे का उपचार दिल्ली कराया जाए। ताकि उन्हें भी आने जाने में सुविधा हो। ज्ञात हो कि जवान मूलत: मुरैना जिले का निवासी है। परिजनों की इच्छा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार शासकीय व्यय पर उपचार कराया जा रहा है। बुधवार को योजनान्तर्गत गोंदिया से दिल्ली मेदांता हॉस्पिटल के लिए एयर लिफ्ट किया गया।

# रात्रि के समय महिला का सहारा बनी डायल 100

**सिवनी (स्वतंत्र मत)** के थाना बरघाट क्षेत्र में बस स्टैंड से एक महिला को अपने गाँव जाने के लिए साधन नहीं मिल रहा है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-100 भोपाल में गत दिवस को रात्रि 01:46 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल बरघाट थाना क्षेत्र में तैनात डायल-100 वाहन को मदद




के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक प्रेम शंकर मिश्रा पायलेट चैतराम ने मौके पर पहुँचकर बताया कि भारती मात्रे उम्र 45 साल को खारी गाँव जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा था। महिला ने डायल 100 पर कॉल कर मदद मांगी थी। डायल-112/100 जवानों द्वारा एफ आर व्ही वाहन से महिला को खारी गाँव ले जाकर परिजन से मिलाया गया। देर रात सहायता के लिए महिला के परिजन द्वारा डायल-100 सेवा का आभार व्यक्त किया गया।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही, डेढ़ माह बाद दो शिक्षक निलंबित

**ग्राम पंचायत परतापुर की दमझिर प्राथमिक शाला का मामला**

**सिवनी (स्वतंत्र मत)**आदिवासी बाहुल्य विकास खंड कुरई के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत परतापुर के उन्नयन प्राथमिक शाला दमझिर फैजपुर में एक मामला सामने आया था। ग्रामीणों ने बताया कि इस स्कूल में दो नियमित टीचर है एवं कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक 10 बच्चे अध्यनरत है। इस स्कूल में बच्चों को नियमित दिया जाने वाला मध्यान्ह भोजन सत्र प्रारंभ होने से अभी तक नहीं दिया जा रहा है। अब तो आलम यह है कि, गुरुजी अपने घर से खुद दो-तीन टिफिन का डिब्बा में चावल घर से लेकर आते हैं तथा बच्चों को घर से सब्जी लाने को कहते हैं एवं खाना पूर्ति कर थोड़ा-थोड़ा चावल बच्चों को दे देते हैं। इस तरह घर की सब्जी से मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जा रहा है। एवं विद्यार्थियों को कुएं के पानी बुलाकर जान में जोखिम कार्य करने अभिभावकों के द्वारा अध्यापन कार्य में रुचि ना लेना शिक्षकों के द्वारा मोबाइल पर व्यस्त रहना जिसकी जिसकी शिकायत अभिभावकों के द्वारा शिकायत आदिवासी आयुक्त सिवनी ,बीआर कुरई ,जन शिक्षक केंद्र ,संकुल केंद्र को शिकायत की गई थी। आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई 19 नवंबर तक बच्चे स्कूल नहीं गए लेकिन विभागीय अधिकारियों ने 18 नवंबर को डेढ़ माह के बाद कार्यवाही करते हुए लापरवाह शिक्षक अमर सिंह उइके एवं मुनेश गेडाम प्राथमिक शिक्षक को दोषी मानते हुए उक्त कृत्य मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण 1965 के नियम तीन एक सामान्य एक दो तीन के प्रतिकूल है अत: अमर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया निलंबन कार्य अवधि में प्राथमिक शिक्षक का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड अधिकारी छपारा नियत किया गया है निलंबनकाल अवधि में शिक्षकों को निलंबन कार्य अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइये ने पूछा कि मध्यान्ह भोजन कब से प्रारंभ करना है तो प्रधान पाठक ने कहा कि स्कूल में मध्यान भोजन बंद कर दिया गया है। रसोइयों की महिलाओं से कहा जाता है कि अगर मध्यान भोजन बनाना ही है तो सब्जी भाजी हर सामान का सील लगा बिल लाकर देना होगा। 31 अक्टूबर सेआज दिनांक तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की है। कार्रवाई न होने से 1 अक्टूबर से आज दिन तक बच्चे शाला नहीं जा रहे हैं।पालको ने जताई आपत्तिशिकायतकर्ता तीज कुमार इनवाती पीटीए अध्यक्ष, विशन लाल परते, अजय कुमार मेश्राम, विजय कुमार मेश्राम, रमेश मर्सकोले, छत्रपति मर्सकोले रसोईया, मीना बाई महिला समूह, रेखा इनवाती सहित ग्राम के अनेक पालको आपत्ति जताई। आक्रोशित ग्राम के पालकों ने बच्चों को शाला नहीं भेजने का निर्णय लिया है। शाला में सिर्फ शिक्षक के अलावा कोई भी छात्र स्कूल नहीं जा रहें है। बालकों एवं पालकों ने कहा कि जब तक दोनों शिक्षक को नहीं हटा दिया जाता। तब तक हम इस विद्यालय में बच्चों को शाला नहीं भेजेंगे किसी की शिकायत पालकों द्वारा जन शिक्षक बीआरसी व अन्य अधिकारियों को की जाती है तो शिक्षक कहते हैं कि यह सब छोटे अधिकारी हैं ये हमारा कुछ नहीं कर सकते जाओ कलेक्टर से हमारी शिकायत कर दो। ऐसे शिक्षकों को तत्काल हटाकर अन्य दूसरे शिक्षकों भेजा जाए जिससे हमारे बच्चों का अध्ययन कार्य सुचारू रूप से हो सके।

## इनका कहना है

दोनों शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया एक दो दिन में दूसरे शिक्षक पहुंच जाएंगे।

**एस आर मरावी**
**सहायक आयुक्त**

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बन लोगों से लाखों की ठगी

## आरोपी पूर्व सरपंच अजय यादव को पुलिस ने किया गिरफ्तार



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

पूर्व सरपंच अजय यादव अपने आप को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बताकर शहर में तलवार व बंदुक की नोक पर व्यापारियों और लोगों को डरा-धमकार अवैध वसूली के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। कथित नेता अपने आप को बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ बताते फिरता था।

जानकारी अनुसार, कभी किसी नेता के साथ तस्वीर तो कभी सीएम के फोटो वाला होर्डिंग, गाड़ी पर राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ अध्यक्ष का भाजपा के कमल के फूल के साथ लगा बोर्ड, कुछ इस तरह खुद को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बताते हुए लोगो से लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने अजय यादव नाम के कथित नेता को गिरफ़्तार किया हैं। एक ही व्यापारी से सरकारी ज़मीन कोडियों के दाम दिलाने के नाम पर इस कथित बीजेपी नेता ने 60 लाख रुपए ऐठ लिए। जब मामले की पहली शिकायत सामने आई तो इस नेता के फर्जी होने और पूरे फर्जी वाड़े का खुलासा हो गया। पुलिस ने कथित फर्जी नेता को गिरफ़्तार कर लिया हैं वहीं इस मामले में इस फर्जी नेता का तलवार बंदूक लहराते हुए एक सीसीटीवी फ ुटेज भी सामने आए हैं। आरोपी अजय आदव बालाघाट जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पाद्रीगंज में सरपंच भी रहें चूंका हैं। पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो एफआईआर दर्ज किया हैं।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अजय यादव उम्र 43 वर्ष मोतीनगर बालाघाट निवासी अपने आप को भाजपा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बना रहें हैं, जो जांच किया गया तो पता चला कि कोई ऐसा कोई व्यक्ति पदस्थ नहीं था, इन्होने स्थानियजनों को आर्थिक नुकसान भी पहुंचा हैं और फर्जी नेतागिरी के दम पर अवैध वसूली की हैं। इनकी शिकायत भी प्राप्त हुई हैं, जिसमें पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुए दो प्रकरण अपराध दर्ज किया गया हैं। जानकारी जुटाई जा रहीं कि और कितने लोगों से वसूली की गई हैं। शिकायत में यह भी बताया गया कि कुछ व्यापारियों से अवैध वसूली करने के लिए तलवार व बदूंक धमकाने में प्रयोग किया गया हैं, जिसमें आर्म्स एक्ट व धोखाधड़ी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया हैं। अभी तक अजय यादव पर दो एफआईआर दर्ज हो चूंकि हैं। कुछ फरियादी भी हमारे सामने उपस्थित होकर बता रहें हैं कि किसी से 10 लाख, किसी से 8 लाख जो विभिन्न व्यक्तियों से अलग-अलग तरिके से वसूली की हैं।

उन्होने कहा कि फर्जी युवा नेता बनने के आड़ में बालाघाट के भोलेभाले व्यापारियों और अन्य व्यक्तियों पर अपनी साख बनाकर ऐसी घटना को अंजाम दिया हैं। अभी तक 60 लाख रूपये की धोखाधड़ी की गई हैं। और आगे भी राशी बड़ सकती हैं। अजय यादव के द्वारा गाड़ी पर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग संघ मध्यप्रदेश लिखा रखा था।

## गजपुर में 22 से रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**बालाघाट।** युवा नेता समाजसेवी जितेन्द्र गौतम के अध्यक्षता, सरपंच निशा मनीराम घाटे एवं संरक्षण में स्वर्गीय डॉ.सी.एल.देशमुख जी की स्मृति में खेल प्रेमियों को समर्पित जीटीसीए द्वारा 22 नवंबर से गजपुर-टटेकसा में सीजन 3 स्मृति में स्मृति शेष स्व. घनश्याम घाटे सम्राट अशोक स्कूल ग्राउंड क्रिकेट स्टेडियम गजपुर में रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होंगा। स्वर्गीय घनश्याम घाटे स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का 22 नवम्बर आज गुरुवार को भव्य शुभारंभ स्कूल ग्राउंड में शाम 7 बजे होगा। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ.पुरुषोत्तम देशमुख, सरपंच निशा मनीराम घाटे, अरुण गजभिए, काशीनाथ ऊके, डी.सी.ठाकरे, के.एस. तीतरमारे, अजय पटेले, अनिल पटले, खेमलाल वानखेडे, जीटीसीए अध्यक्ष जितेन्द्र गौतम की होगी और इस क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक सदस्य एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र अन्ना चौधरी की मौजूदगी में होगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में 20,000 हजार और द्वितीय पुरस्कार के रूप में 10,000 तथा मैन ऑफ द सीरीज के रूप में 1000 पुरस्कार के रूप में दी जाएगी।

# 17 लाख के गुम हुए 127 मोबाइल को पुलिस ने लोगों को लौटाया



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले में गुम हुए करीब 127 मोबाइल को पुलिस की साइबर टीम ने ढूंढ निकाला और जिनके मोबाइल थे उन्हें लौटा दिया हैं। इन मोबाइल की कीमत लगभग 17 लाख के करीब बताई जा रही हैं। वही पुलिस ने जब लोगों को मोबाइल लौटाए तो उनकी खुशी देखते ही बन रही थी और सभी ने पुलिस का धन्यवाद भी किया। जानकारी अनुसार आज के समय में मोबाइल सभी की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन गया हैं हम सारे दस्तावेज और अपनी यादों को मोबाइल में संभालकर रखते हैं लेकिन अगर वह मोबाइल गुम हो जाए तो ऐसा लगता है जिंदगी का अहम हिस्सा खो सा गया हो, इतना ही नहीं कुछ परिवार ऐसे भी होते है जो अपनी जरूरतों को मार कर जैसे-तैसे पैसा इकठ्ठा कर मोबाइल लेते है और वह गुम हो जाए तो उन्हें जो महसूस होता होगा वे सिर्फ वहीं समझ सकते हैं। लेकिन जब गुम हुए मोबाइल की शिकायत पुलिस से करते है और जब उन्हें वह मोबाइल वापस मिलता है तो उनकी खुशियों का मानो ठिकाना नहीं रहता, जी हां आज भी ऐसा ही नजारा बालाघाट के पुलिस कंट्रोल रूम में देखने को मिला। बालाघाट जिले के रहने वाले लोगों के गुम हुए 127 मोबाइलों को पुलिस ने लौटाया है जिसकी कीमत लगभग 17 लाख के करीब बताई जा रही हैं। वही जब उन्हें पुलिस अधीक्षक नगेंद्र सिंह मोबाइल लौटा रहे थे तो उनकी खुशी देखते ही बनती थी, और उन्होंने पुलिस का धन्यवाद भी किया। सायबर नोडल थाना के प्रभारी उपनिरी. अभिलाष मिश्रा, प्र.आर. शोभेन्द्र डहरवाल, आर. जय भगत, आर. सुभाष देवासे म.आर. मेघा तिवारी, म.आर. चांदनी शांडिल्य, म.आर. शिखा मिसारे, आर. पंकज बिस्ट, आर. बलिराम यादव की भूमिका सराहनीय रहीं।

# खंड स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक संपन्न



बालाघाट(स्वतंत्र मत)

धान उपार्जन की तैयारियों के लिए जिला स्तरीय और खंड स्तरीय समितियां बनाई गई है। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार वारासिवनी में स्थापित खंड स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक एसडीएम आरआर पांडे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खण्ड में बने उपार्जन केंद्रों की वस्तुस्थिति और वहां नीति अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने पर चर्चा की गई। वेयर हाउसिंग से गोदामों और धान भंडारण के सम्बंध में जानकारी मांगी गई। अनुभाग की अन्य तहसीलों से आने वाली धान को ओपन केपो में व्यवस्थित तरीके से भंडारित करने की योजना बनाने के लिए निर्देशित किया गया। सहकारिता विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त उपार्जन केंद्रों में किसानों के लिये बैठने, पानी आदि की उचित व्यवस्था की जाये। अनुभाग स्तर पर वारासिवनी, खैरलांजी, लालबर्रा के किसानों की समस्या के निराकरण के लिये उपार्जन कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है।

# मॉयल खेल मैदान के जीर्णोद्धार से खिलाड़ियों को मिलेगी सुविधा

## मैदान को दिया जा रहा है स्टेडियम का स्वरूप

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर दूर मॉयल लिमिटेड भरवेली प्रबंधन द्वारा खिलाडियों की सुविधा में वृद्धि करने एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के दृष्टिकोण से दुर्गा चौक खेल मैदान को नया स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। लगभग 4 करोड से अधिक की लागत से इस खेल मैदान को स्टेडियम का स्वरूप प्रदान किये जाने का कार्य इस समय चल रहा है। नागपुर की एक कंपनी द्वारा उपरोक्त निर्माण कार्य को संचालित किया जा रहा है। जानकारी अनुसार खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में बदलते हुए एक साइड में गैलरी का निर्माण किया जायेगा। वहीं पुराना दुर्गाचौक रंग मंच को तोडकर उसे नये तरह से बनाया जा रहा है जिसमें अनेक कमरे होगें ताकि यहां पर खिलाड़ियों के रूकने की व्यवस्था एवं अन्य सुविधायें उपलब्ध हो। वहीं इस पूरे परिसर में एक व्हालीवाल मैदान एवं बास्केट बॉल कोर्ट का भी निर्माण किया जायेगा। साथ ही जो मैदान है उसको भी सुव्यवस्थित किया जायेगा। एक सुंदर खेल परिसर यहां निर्मित होगा। वर्तमन समय दुर्गा माता की स्थापना को जो मंदिर था उसका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया है जहां पर इस वर्ष माता रानी की स्थापना की गई थी। उपरोक्त निर्माण कार्य के संबंध में खान प्रबंधक भरवेली माईन मंयक जैन द्वारा अनौपचारिक चर्चा में बताया गया कि लंबे समय से खेल मैदान का जीर्णोद्धार और सुविधाओं में वृद्धि की मांग खिलाड़ियों की ओर से आती रही है। मॉयल खेल और खिलाडी दोनों को प्रोत्साहित करने में हमेशा हमेशा अग्रिण रहा है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कंपनी के मुखिया अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक अजीत कुमार सक्सेना द्वारा भरवेली खेल मैदान को स्टेडियम के रूप में परिवर्तित करने के कार्य को हरी झंडी दी गई और जीर्णोद्धार कार्य इस समय प्रारंभ हो चुका है। इसी तरह उकवा खेल मैदान को भी नया स्वरूप प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। मॉयल ने चिखला में भी एक सुविधायुक्त खेल स्टेडियम का निर्माण किया है। भरेवली ऐसा केन्द्र है जहां पर साल भी किसी न किसी खेल की स्पर्धा होती रहती है साथ ही यहां आयोजित होने वाला नवरात्रि पर्व मेला संपूर्ण जिले में अपनी एक अलग पहचान रखता हैं। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए ही यहां पर इस खेल मैदान को नया स्वरूप प्रदान करके इसकी सुदंरता एवं सुविधाओं में कंपनी की तरफ से चार चांद लगाये जाने का कार्य चल रहा है। इसके पूर्ण होने के बाद निश्चित रूप से यह खेल मैदान खेल सुविधाओं के दृष्टिकोण से मील का पत्थर साबित होगा। कंपनी हमेशा खेल एवं खिलाड़ियों दोनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिये कृत संकल्पित रहती हैं।

# यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखकर किया जाये सड़क निर्माण

## किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

सिवनी (स्वतंत्र मत)



जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा जिले के किसानों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिला कलेक्टर को आज 19 नवंबर को ज्ञापन सौंपा गया है।ज्ञापन में मांग की गई है कि, वर्तमान में किसान भाई अपनी रवि फसल की बुआई का कार्य कर रहे है। किसानों को पर्याप्त खाद मिलने में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। जिन खेतो में बुआई हो चुकी है वहां फसलों में पानी देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की कटौती से किसान परेशान हो रहें है। जिला मुख्यालय के नगझर से खैरीटेक तक एमपीआरडीसी द्वारा सड़क कानिर्माण कराया जा रहा है, ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में नियमों को ताक में रखकर सड़क का निर्माण किया जा रहा है। पूरी सड़क पर धूल एवं गिट्टी के कारण राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाईयों से जूझना पड़ रहा है। साथराही इसी मार्ग पर अनेक शिक्षण संस्थानमें लगती है, इन शिक्षण संस्थानों में हा अध्यनरत छात्र-छात्राओं को आवागमन के में अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते थ सिंगल मार्ग को व्यवस्थित नही कियागया तो कोई भी गंभीर दुर्घटना घटने से इंकार नहीं किया जा सकता। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की गई है कि जिले के किसानों को रबी फसल की बुआई कार्यमें आ रही समस्या को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से करने के साथ ही सड़क निर्माण के ठेकेदार को यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये सड़क निर्माण हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थितिकार्यक्रम में जेपीएस तिवारी, मो. असलम खान, सुरेन्द्र करोसिया, मोहनसिंह चंदेल, रामकुमार कुल्हाडा मासाव, विष्णु करोसिया, आजम दीवान अली, तेजसिंह रघुवंशी, मनोज राहंगडाले, मोहन सिंह ठाकुर, गेंदलाल भलावी, डालचंद बचें, ध्रुवनारायण चौधरी, विनोद यादव, गिडियन टी सिंह, श्रीमति ललिता बघेल, शंकरलाल डहरिया, कैलाश अधिया, राजेश मानाठाकुर, राजिक अकील, सुमित मिश्रा, आदित्य मोन्टू भूरा, विपिन यादव, शिवसनोडिया, प्रमोद यादव, जोएब जकी अनवर खान, नब्बू भाई, नन्दू यादव, राजकुमार ठाकुर, सुजीत गोदरे, उमंग शर्मा, नितिन बघेले, दिलीप राहंगडाले, एड़ मिर्जा फेसल बेग, रामकिशोर बघेल, छोटेलाल उइके, दुर्गेश भूरा बहारे आदि उपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त हुए 98 आवेदन

सिवनी (स्वरतंत्र मत)



गत दिवस को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। आयोजित जनसुनवाई में मुख्यत कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप, अपर कलेक्टर सुनीता खण्डायत, सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही। गत दिवस को आयोजित हुई जिलास्तरीय जनसुनवाई में ग्राम भोमा थाना कान्हींविाडा निवासी रामकुमार साहू एवं अन्य द्वारा राशन न मिलने विषयक, ग्राम कान्हींवाडा निवासी भागचंद नामदेव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ न मिलने विषयकग्राम जैतपुर खुर्द निवासी बलराम तिवारी द्वारा मकान के उपर से गई बिजली लाईन को हटवाने विषयक, ग्राम पटेल टोला तहसील बरघाट निवासी मकबूल खान द्वारा बंद वृद्धापेंशन को चालू कराये जाने विषयक, ग्राम छुई थाना कान्हीवाडा निवासी रमाकांत दुबे द्वारा अंत्योदय योजना अतिगरीबी अंतर्गत राशन कार्ड बनाए जाने विषयक, ग्राम नगझर सिवनी निवासी अहिल्या बाई द्वारा प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना की राशि दिलाये जाने विषयक, ग्राम सिमरिया निवासी बायाबाई बघेल द्वारा भूमि संबंधी समस्या का समाधान किए जाने विषयक, ग्राम खापा तहसील केवलारी निवासी बीरनलाल मर्सकोले द्वारा ग्राम में नाली निर्माण कार्य कराए जाने विषयक, सिंधी कालोनी सिवनी निवासी विकास आहूजा द्वारा सीमांकन रिपोर्ट न मिलने विषयक, कस्तूरबा वार्ड सिवनी निवासी नान्हो प्रसाद सिंगोतिया द्वारा वृद्धा पेंशन दिलाए जाने विषयक, ग्राम चंदोरीखुर्द थाना बंडोल निवासी रामनाथ डहेरिया द्वारा शासकीय भूमि पर किए गऐ अतिक्रमण को हटाये जाने विषयक, अंबेडकर वार्ड सिवनी निवासी दुर्गेश कुमार कौशले द्वारा अतिकमण हटवाकर रास्ता प्रदान किए जाने विषयक, ग्राम उडेपानी निवसी अन्नू उईके द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र दिलाए जाने विषयक, ग्राम जोरावारी बरघाट निवासी समनिया बाई सहायता राशि दिलाए जाने विषयक, साल्हेखुर्द गुर्रापाठा निवासी इमला इडपाचे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम थावरजोडी तहसील कुरई निवासी आनंद सिंह उईके एवं अन्य द्वारा थांवरजोडी जलाशय की नहर सुधार कराए जाने विषयक, रघुराज एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा पेंच नहर परियोजना का पानी कृषकों को दिलाए जाने विषयक, सहित कुल 98 आवेदन प्राप्त हुए। जिनके नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश कलेक्टर संस्कृति जैन ने विभागाधिकारियों को दिए।

# प्रोफे. चतुर्वेदी का गुम मोबाइल कोतवाली पुलिस ने कराया वापस

सिवनी (स्वतंत्र मत)

आज से लगभग 01 माह पूर्व दिनांक 06/10/2024 को पीजी कालेज सिवनी में पदस्थ रसायन विज्ञान संकाय के प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार चतुर्वेदी का रेडमी कम्पनी का मोबाईल फोन कालेज से घर वापस जाते समय रास्ते में कही गिरकर गुम हो गया था मोबाईल गुमने की रिपोर्ट प्रोफेसर साहब ने थाना कोतवाली सिवनी में दर्ज कराई गई थी जिसे कोतवाली पुलिस द्वारा विशेष प्रयासों एवं तकनीकी सहायता से मोबाईल फोन को ढूंढकर गुम



मोबाईल प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार चतुर्वेदी को वापस कराया गया गया हैं। प्रोफेसर साहब अपना मोबाईल पुनः पाकर बहुत खुश नजर आये एवं पुलिस का आभार व्यक्त किये।

# मुख्य चौराहों एवं इंटरसेक्शनों पर की गई रोड मार्किंग

सिवनी (स्वतंत्र मत)

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुरुदत्त शर्मा के निर्देशन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा निरंतर शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर दुर्घटनाओं को कम करने हेतु आवश्यक सुझाव सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से प्रेषित किए जा रहे हैं।इसी तारतम्य में यातायात प्रभारी सिवनी द्वारा पूर्व में सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों में नगझर बायपास चौराहा से कुरई तक पड़ने वाले मुख्य बायपास चौराहो एवं इंटरसेक्शन पर रंबल सेट मार्किंग एवं सोलर कैट आई लगाने हेतु सुझाव सड़क सुरक्षा समिति के समक्ष रखे थे। जिसके आधार पर मुख्य चौराहों एवं इंटरसेक्शनों पर रोड मार्किंग बढ़ाए जाने हेतु निर्णय लिया गया था । उक्त



निर्णय के तारतम्य में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत नागपुर सिवनी एक्सप्रेस वे प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आवश्यक अनुमति प्राप्त होने के उपरांत चौराहो पर रोड मार्किंग उन्नयन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें सर्वप्रथम सीलादेही जंक्शन पर उक्त कार्य कराया जा रहा है।इसके उपरांत आमगांव, गोपालगंज, सुकतरा एवं नगर बाईपास जैसे मुख्य जंक्शन पर उक्त कार्य संपन्न कराया जाएगा। उक्त कार्य के दौरान विजय बघेल थाना प्रभारी यातायात सिवनी एवं नागपुर सिवनी एक्सप्रेस वे के रोड सुरक्षा अधिकारी वीरा बाबू उपस्थित रहे।

यातायात पुलिस सिवनी की शहर के नागरिकों से अपील है कि राष्ट्रीय राजमार्गों एवं अन्य मार्गों पर वाहन चलाते समय रोड मार्किंग रंबल सेट दिखने पर अपने वाहनों की गति को धीमा रखें यह संकेत है कि आगे आबादी वाला क्षेत्र/ दुर्घटना संभावित क्षेत्र या कोई नगर चौराहा है। वहां गति धीमी होने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम हो जाती है।